# 4 राजस्थान की छत्तरियाँ

1. नैड़ा की छतरियाँ कहाँ पर स्थित है?
(1) जयपुर (2) भरतपुर
(3) अलवर (4) करौली (3)

2. जगन्नाथ कछवाहा की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) जयपुर (2) मांडल
(3) आमेर (4) शाहपुरा (2)

व्याख्या– आमेर के जगन्नाथ कछवाहा की 32 खम्भों की छतरी विशाल छतरी मांडल (भीलवाड़ा) में बनी है। जिसमें एक ही पत्थर से बना 5 फिट का शिवलिंग है, यह छतरी हिन्दू व मुस्लिम स्थापत्य का अनूठा उदाहरण है।

3. 84 खम्भों की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) बूँदी (2) रणथम्भौर
(3) अलवर (4) कोटा (1)

व्याख्या– 84 खम्भों की छतरी देवपुरा गाँव (बूँदी) में स्थित है। इसका निर्माण राव राजा अनिरूद्ध के काल में राव देवा द्वारा करवाया गया था।

4. अलवर की 80 खम्भों की छतरी अन्य किस नाम से जानी जाती है?
(1) पालीवालों की छतरी (2) मुसी महारानी की छतरी
(3) विनयसिंह की छतरी (4) बख्तावर सिंह की छतरी (2)

व्याख्या– 80 खम्भों की छतरी अलवर में स्थित है। इसका निर्माण महाराजा विनय सिंह ने 1815 ई. में मुसी महारानी की स्मृति में करवाया था। यह दो मंजिला छतरी है।

5. कागा की छतरियाँ कहाँ पर स्थित है?
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर
(3) अलवर (4) कोटा (1)

6. मामा भान्जा की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) अटरू (बारां) (2) पल्लू (हनुमानगढ़)
(3) मचकुंड (धौलपुर) (4) जोधपुर (4)

व्याख्या– ये धन्ना गहलोत और भींया चौहान नामक वीरों की छतरी है, जो आपस में मामा-भान्जा थे। इन्होंने जोधपुर नरेश अजीतसिंह के प्रधानमंत्री मुकुंद चंपावत की हत्या का बदला ठाकुर प्रतापसिंह उदावत से लेकर स्वामीभक्ति का परिचय दिया तथा अपना आत्मबलिदान दिया था। उनकी स्मृति में महाराजा अजीतसिंह ने इस 10 खम्भों की छतरी का निर्माण मेहरानगढ़ दुर्ग मे लोहापोल के पास करवाया था।

7. बीकानेर के शासकों की छतरियाँ कहाँ पर स्थित है?
(1) देवी कुण्ड (2) गेटोर
(3) बड़ाबाग (4) गजनेर (1)

8. जोगीदास की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) उदयपुरवाटी (नीमकाथाना) (2) परसरामपुरा (झुंझुनूं)
(3) कोलायत (बीकानेर) (4) मेड़ता (नागौर) (1)

व्याख्या– यह छतरी शेखावटी शैली के प्राचीनतम भित्ति चित्रों के लिए प्रसिद्ध है। इसका चित्रकार देवा नामक एक चित्रकार था।

9. उड़ना कुंवर पृथ्वीराज की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) आमेर (2) अजमेर
(3) चितौड़गढ़ (4) कुंभलगढ़ (4)

व्याख्या– महाराणा रायमल के पुत्र कुंवर पृथ्वीराज की 12 खंभों की छतरी कुम्भलगढ़ दुर्ग के अंदर बनी है। यहाँ लगे लेख पर इनके साथ 17 रानियों के सती होने का उल्लेख है, इस छतरी का सूत्रधार 'धणष पना' था।

10. गैटोर की छतरियाँ कहाँ पर स्थित हैं?
(1) जयपुर (2) भरतपुर
(3) अलवर (4) करौली (1)

व्याख्या– नाहरगढ़ दुर्ग की तलहटी में बनी गैटोर की छतरियाँ जयपुर के शासकों का निजी श्मशान घाट है। जिसमें सवाई जयसिंह से लेकर सवाई माधोसिंह द्वितीय तक के राजाओं एवं उनके पुत्रों की स्मृति में बनी छतरियाँ है।

11. 32 खम्भों की छतरी, जो न्याय की छतरी भी कहलाती है, कहाँ पर स्थित है?
(1) बूँदी (2) रणथम्भौर
(3) अलवर (4) कोटा (2)

12. राव शेखा की छतरी कहाँ पर स्थित है?
(1) उदयपुरवाटी (नीमकाथाना) (2) परसरामपुरा (झुंझुनूं)
(3) कोलायत (बीकानेर) (4) अमरसर (जयपुर ग्रामीण) (2)

13. महाराणा प्रताप की छतरी कितने खम्भों की हैं–
(1) 16 (2) 12
(3) 8 (4) 32 (3)

व्याख्या– महाराणा प्रताप की छतरी चावण्ड (सलूम्बर) के निकट बाण्डोली गाँव में केजड़ बाँध की पाल पर बनी है। इसका निर्माण अमरसिंह प्रथम ने करवाया था।

14 क्षारबाग की छतरी कहाँ स्थित हैं?
(1) बूँदी (2) जैसलमेर
(3) कोटा (4) जोधपुर (3)

व्याख्या– यहाँ कोटा के हाड़ा शासकों की छतरियाँ है।

15. खाण्डेराव होल्कर की छतरी किस स्थान पर स्थित है–
(1) केसरबाग (बूँदी) (2) गागर सौली (डीग)
(3) किशनगढ़ (अजमेर) (4) बयाना (भरतपुर) (2)

16. घासफूस की छतरी कहाँ स्थित है?
(1) कोटा (2) झालावाड़
(3) बूँदी (4) जयपुर (3)

17. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिए–

| छतरियाँ | जिले |
|---|---|
| (A) नटनी की छतरी | (1) सवाई माधोपुर |
| (B) गैटोर की छतरियाँ | (2) जोधपुर |
| (C) मामा-भान्जे की छतरी | (3) जयपुर |
| (D) नैड़ा की छतरी | (4) अलवर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(2)

Dhindhwal Publication Lead, Read and Achieve

18. **कल्ला राठौड़ की छतरी कहाँ स्थित है?**
(1) सवाई माधोपुर (2) उदयपुर
(3) जैसलमेर (4) चित्तौड़गढ़ (4)

**व्याख्या–** लोकदेवता के रूप में पूजे जाने वाले कल्ला जी राठौड़ की छतरी चित्तौड़गढ़ दुर्ग में हनुमानपोल व भैरव पोल के मध्य लाल पत्थरों से 4 खम्भों पर बनी है।

19. **निम्न में से कौनसा कथन सही है–**
(1) 80 खम्भों की छतरी को 'मूसी रानी छतरी' भी कहा जाता है।
(2) रणथम्भोर अभयारण्य में कुक्कुर घाटी में कुत्ते की छतरी स्थित है।
(3) 84 खम्भों की छतरी देवपुरा (बूँदी) में स्थित है।
(4) उपर्युक्त सभी कथन सत्य है। (4)

20. **महाराणा कुम्भा की पुत्री के विवाह में बनी 4 खम्भों की 'शृंगार चंवरी' कहाँ स्थित है?**
(1) जावर (सलूम्बर) (2) कुम्भलगढ़ दुर्ग
(3) आहड़ (उदयपुर) (4) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (4)

21. **निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिए –**

| छतरियाँ | निर्माता |
|---|---|
| (A) 32 खम्भों की छतरी | (1) राजा अनिरूद्ध सिंह |
| (B) 80 खम्भों की छतरी | (2) हम्मीर देव चौहान |
| (C) 84 खम्भों की छतरी | (3) विनय सिंह |
| (D) महाराणा प्रताप की छतरी | (4) अमरसिंह प्रथम |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (2) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(1)

22. **दीवान दीपचन्द की छतरी कहाँ स्थित है?**
(1) अजमेर (2) नागौर
(3) बीकानेर (4) जोधपुर (4)

23. **कोटा के हाड़ा शासकों की छतरियाँ स्थित है?**
(1) बड़ा बाग (2) केसरबाग
(3) क्षारबाग (4) गुलाब बाग (3)

24. **मंडोर में स्थित जोधपुर के राजाओं की छतरियों में से सबसे बड़ी छतरी किसकी है–**
(1) राव जोधा की (2) राव गांगा की
(3) महाराजा अजीतसिंह की (4) राव रणमल्ल की (3)

**व्याख्या–** मंडोर बाग में स्थित राजाओं के स्मारक देवल के नाम से प्रसिद्ध है। यहाँ पर जसवंत द्वितीय से पूर्व के शासकों की छतरियाँ बनी है। यहाँ सबसे बड़ी व सबसे सुन्दर छतरी महाराजा अजीत सिंह की है।

25. **निम्न में से मारवाड़ के शासक राव चन्द्रसेन की छतरी कहाँ पर बनी है?**
(1) सारण की पहाड़ियाँ (पाली)
(2) छप्पन की पहाड़ियाँ (बाड़मेर)
(3) देसूरी की पहाड़ियाँ (पाली)
(4) जसवंतपुरा की पहाड़ियाँ (सांचौर) (1)

26. **टेस्सीटोरी की छतरी स्थित है?**
(1) गंगानगर में (2) बीकानेर में
(3) चुरू में (4) हनुमानगढ़ में (2)

27. **निम्न में से असुमेलित युग्म का चयन कीजिए–**
(1) अमरगढ़ की छतरियाँ – बागोर (भीलवाड़ा)
(2) जयप्पा सिंधिया की छतरी– जहाजपुर (शाहपुरा)
(3) जोधसिंह की छतरी– बदनोर (ब्यावर)
(4) रसिया की छतरी– टोंक (2)


**व्याख्या–** जयप्पा सिंधिया की छतरी ताऊसर (नागौर) में स्थित है।

28. **एक खम्भें की छतरी कहाँ पर स्थित है?**
(1) करौली (2) चित्तौड़गढ़
(3) सवाई माधोपुर (4) उदयपुर (3)

29. **शेखावाटी की सबसे बड़ी छतरी कौनसी है?**
(1) कल्याण सिंह (2) हरदयाल सिंह
(3) गोपाल सिंह (4) राम गोपाल पोद्दार (4)

30. **84 खंभों की छतरी के बारे में कौनसा कथन असत्य है–**
(1) इस छतरी का निर्माण राव विष्णुसिंह के काल में राव देवा द्वारा करवाया गया था।
(2) इस छतरी का निर्माण राव अनिरुद्ध सिंह के काल में राव देवा द्वारा कराया गया था।
(3) यह छतरी बूँदी के पास देवपुरा गाँव में स्थित है।
(4) इसका निर्माण 1683-1695 के मध्य कराया गया था। (1)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।